वी.यू. में जन जागरूकता के लिए साइकिल रैली का आयोजन

जबलपुर। हर वर्ष 3 जून को दुनिया भर में विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है, इस दिवस को मनाने के पीछे प्रमुख उद्देश्य सेहत की देखभाल के साथ पर्यावरण सुरक्षा भी है इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी के मार्गदर्शन एवं पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय महू के अधिष्ठाता डॉ रविंद्र कुमार जैन के निर्देशन में विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान एवं आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत एक साइकिल रैली का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण मैं किया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. हेमंत मेहता ने झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया इस रैली में महाविद्यालय के 150 से अधिक छात्र–छात्राएं शिक्षक एवं अन्य स्टाफ ने भाग लिया, महाविद्यालय के डॉ. राकेश शारदा के सौजन्य से नियमित रूप से साइकिल चलाने वाले छात्र एवं छात्राओं आकांक्षा मिश्रा, विशाल प्रजापति, सृष्टि गुप्ता, पूजा स्वामी, मानसी सहस्त्रबुद्धे, अर्पणा सिंह एवं अंबिका कालमे को प्रोत्साहन हेतु डॉ. दलजीत छाबड़ा द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, इस कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. हेमंत मेहता, डॉ. दीपक गांगिल, डॉ. जीपी जाटव, डॉ. एस.के. गुप्ता, डॉ. राखी गांगिल, डॉ. योगिता पांडे, डॉ. रवि सीकरोदिया, डॉ. निर्मला जामरा, डॉ. अलका सुमन, डॉ. जितेंद्र यादव आदि का प्रमुख योगदान रहा ।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर